


नवभारत 09
सतना, सोमवार,05 जनवरी, 2026


# भैरों मंदिर, नदी और आम जनों का सैकड़ों वर्ष का रास्ता कर दिया अवरूद्ध

## भैरों बाबा के पुजारियों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 4 जनवरी, जहां मध्यप्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव गांव-गांव को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ने का काम कर रहे हैं वहीं मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर समीपस्थ ग्राम पंचायत आनन्दगढ़ के ग्राम ललितपुर नंबर 1 में जहां भैरों बाबा की मंदिर जाने के लिए आदिकाल के जमाने से रास्ता बनी हुई थी जिसमें गांव के और अन्य अदर श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना की जाती थी।**



यह रास्ता भैरों बाबा मंदिर से लेकर ललितपुर नंबर 1 के मुख्य मार्ग में मिली हुई थी। साथ ही गांव के लोगों का आवागवन इसी मार्ग पर से था। जिसे बीते वर्ष से गांव के मिठाई लाल यादव और रामनिहोर यादव के द्वारा अवरूद्ध कर दिया गया है जिसकी शिकायत गांव के जनमानस के द्वारा नायब तहसीलदार ताला को 4 दिसम्बर 24को आवेदन दिया गया था। किन्तु समस्या का निदान न होने के कारण कलेक्टर मैहर और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमरपाटन को 14 अक्टूबर 25को उक्त समस्या के निदान हेतु आवेदन किया गया किन्तु आज तक किसी भी तरह से राजस्व विभाग के द्वारा समस्या का निराकरण नहीं किया गया। उक्त आवागवन मार्ग अवरूद्ध होने से गांव के लोगों को बीमारी और शव और दाह-संस्कार के लिए भारी समस्यायों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आज दिनांक 4 जनवरी 25 को गांव की एक महिला की मौत हो जिसके शव को घर तक और स्मशान दाह-संस्कार के लिए उक्त व्यक्तियों के द्वारा मुख्य मार्ग से ले जाने पर रोक लगा दिया गया जिससे काफी विवाद की स्थिति निर्मित हो गयी फिर गांव और रिस्तेदारों के समझाइश पर कांधे पर रखकर ले जाया गया ऐसे में यदि समय रहते शासन प्रशासन की नींद नहीं खुली तो भविष्य कोई अनहोनी हो सकती है।

## नवीन मंडल बड़वार के शक्ति केंद्रों में हुई एस आई आर की बैठक



**रामनगर ।** भाजपा के नवीन मण्डल बड़वार के ग्राम गोरसरी खुर्द, बरहा, देवरी, हरदुआ, अमिलिया, सुलखमा, बड़ा इटमा आदि ग्रामों में संयुक्त रूप से पंचायत स्तर पर शक्ति केंद्रों में एस आई आर की बैठक आयोजित हुई। उक्त मंडल की बैठक में प्रमुख रूप से आज जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, मण्डल अध्यक्ष विष्णुकांत पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष गोरेलाल पटेल, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष संदीप त्रिपाठी और उनकी कार्यकारिणी की टीम साथ ही वरिष्ठ एवं कनिष्ठ भाजपा नेता, पदाधिकारीगण, बूथों के अलग अलग कार्यकर्ता, सदस्यों की मौजूदगी रही।



# अमर शहीद रणमत सिंह भूमि वंदन यात्रा मझगवां पहुंची

▶ आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान ने रामचरित मानस भेंट कर किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**सतना 4 जनवरी, अमर शहीद रणमत सिंह ने 1857 में गांव गांव जाकर लोगों को आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया था जिस पर अब उनके अनुयायियों द्वारा समस्त शहीद ग्रामों की भूमि का वंदन किया जा रहा है.**

जिसके चलते आज अमर शहीद रणमत सिंह की गढ़ी मनकहरी से भूमि वंदन यात्रा निकाली गई । शहीद वंदन यात्रा के पदाधिकारियों का मझगवां पहुंचने पर समाजसेवी संस्था आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान ने मझगवां बायपास स्थित होटल रामदरबार में सर्वप्रथम ध्वज वंदन किया, तत्पश्चात अमर शहीद रणमत सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पदाधिकारियों को आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा श्री रामचरित मानस भेंट की गई व जलपान कराकर यात्रा को प्रभु श्रीराम की कर्मस्थली पावन तपोभूमि श्रीधाम चित्रकूट के लिए रवाना किया गया । ज्ञात हो की यह यात्रा अमर शहीद बाबा रणमत सिंह की जन्मस्थली ग्राम मनकहरी, कोठी से पिंडरा, हनुमान धारा, रामघाट एवं कामतानाथ प्रथम मुखारविंद दर्शन एवं परिक्रमा में होने वाली शहीद भूमि वंदन यात्रा का बस स्टैंड कोठी में स्थित अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान अमर शहीद बाबा रणमत सिंह सेवा संगठन के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, सचिव वीरेंद्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीत, मीडिया प्रभारी शैलेंद्र सिंह, संरक्षक चंद्रमौलेश्वर सिंह, रॉयल राजपूत संगठन के जिला अध्यक्ष नीरज सिंह भाद, जित्तू बागरी, अनमोल मिश्रा, राजा पांडेय कंचनपुर सहित दर्जनों गा?ियों क काफिले के साथ रवाना की गई।

# भारतीय जन मोर्चा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 6 को

नवभारत न्यूज


**अमरपाटन 4 जनवरी, भारतीय जन मोर्चा पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक का आयोजन राष्ट्रीय कार्यालय सतना रोड अमरपाटन जिला मैहर में समय 11 बजे से आयोजित की गई है ।**

इस बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया के तहत तीन वर्षों में होने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा तथा इसी दिन निर्वाचन अधिकारी द्वारा समय 4 बजे शाम को चुनाव परिणाम की घोषणा की जाएगी । पार्टी के राष्ट्रीय सचिव जीतेन्द्र राय ने बताया की राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के पश्चात राष्ट्रीय कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी । इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारणी के समस्त पदाधिकारियों तथा सदस्यों से अपील की गई है कि बैठक में आवश्यक रूप से हिस्सा लेकर निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाएँ ।

# नान की मनमानी से किसान परेशान, धान का उठाव न होने से अटके भुगतान

नवभारत न्यूज

**कोटर 4 जनवरी, जिले में नान ( नागरिक आपूर्ति निगम ) की मनमानी किसानों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनती जा रही है। जिले की विभिन्न खरीदी केंद्रों पर धान की समय पर उठाव न होने से किसानों का भुगतान अटका हुआ है, जिससे उनमें भारी नाराजगी देखी जा रही है।**



किसानों का कहना है कि उन्होंने शासन की समर्थन मूल्य योजना के तहत धान की बिक्री तो कर दी, लेकिन कई सप्ताह बीत जाने के बाद भी न तो धान का उठाव हो रहा है और न ही उनके खातों में पैसे पहुंच रहे हैं। खरीदी केंद्रों पर धान के बोरे जमा होते जा रहे हैं, जिससे रख-रखाव की समस्या भी खड़ी हो गई है। ग्रामीण किसानों ने बताया कि धान बेचने के बाद मिलने वाली राशि से उन्हें खाद, बीज, कर्ज और घरेलू खर्च पूरे करने होते हैं। भुगतान में देरी के कारण वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कुछ किसानों को मजबूरी में साहूकारों से उधार लेना पड़ रहा है।

# मझगवां से देवलहा मार्ग में हो रहा है गुणवत्ता विहीन डामरीकरण

## अनियमितता छिपाने रात में हो रहा है कार्य

नवभारत न्यूज

**मझगवां 4 जनवरी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत मझगवां से देवलहा मार्ग पर देर रात तक डामरीकरण का कार्य चलता रहा, जो आज दोपहर भी जारी है। हालांकि, इस आनन-फानन में किए जा रहे कार्य के बीच दक्षिणा इंफ्रा कंपनी के ठेकेदार कैलाश मिश्रा द्वारा कराए जा रहे गुणवत्ताविहीन कार्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं।**



आरोप है कि जांच टीम के डर से पुरानी कमियों को छिपाने के लिए जल्दबाजी में घटिया निर्माण किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष है। फिलहाल, विभागीय टीम की निगरानी के बीच मशीनों और मजदूरों के जरिए सड़कों को दुरुस्त करने का काम तेजी से चल रहा है। पीडब्ल्यूडी कार्यालय में जब संपर्क किया गया सुरेंद्र सिंह का कहना है कि यह काम हमारे विभाग का नहीं है प्रधानमंत्री सड़क योजना हमें कोई मतलब नहीं है। यह जवाबदार अधिकारियों का कहना है गांव वालों ने जब शिकायत की तब उनका यही जवाब था क्योंकि रात में डामरीकरण कर चल रहा था। मुख्य अभियंता की सख्ती के बाद मझगवां में रात-दिन डामरीकरण, दक्षिणा इंफ्रा के ठेकेदार कैलाश मिश्रा द्वारा कराए जा रहे गुणवत्ताविहीन कार्य से आक्रोश।

# भीषण ठंड में रजाई कंबल पाकर 500 लोगों के चेहरे खिले

## हज्जन शबनम बानो की याद में गरीबों एवं जरूरतमंदों को रजाई और कंबल वितरित, पार्षद हाजी मोहम्मद इकराम के कार्य को मिली सराहना

नवभारत न्यूज

**कोठी 4 जनवरी, अपनी मरहूम पत्नी हज्जन शबनम बानो के रिसाले शबाब के लिए पार्षद मोहम्मद हाजी इकराम ने कोठी सहित आसपास के क्षेत्र के गरीबों, जरूरतमंदों और दिव्यांगों को भीषण ठंड में रजाई - कंबल वितरित किया ।**



रजाई कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे ,उन्होंने कहा कि हमें तो हाजी जैसा आदमी चाहिए , जिस प्रकार से कोठी के पार्षद मोहम्मद हाजी मोहम्मद इकराम पिछले कई वर्षों से क्षेत्र के दीन हीन जरूरतमंद गरीबों के लिए ठंड के दिनों में रजाई कंबल वितरित कर रहे हैं साथ ही अन्य सहायता भी करते हैं और सभी धर्मों और वर्गों के आयोजन में भाग लेते हैं जिससे क्षेत्र में उनकी अलग ही पहचान बनी है । इसीलिए वह और उनकी पत्नी कई बार नगर परिषद कोठी में पार्षद रह चुकी हैं उनकी पत्नी तो परिषद में उपाध्यक्ष भी रही हैं । कार्यक्रम में नगर परिषद की अध्यक्ष सुखवंती बाई बुनकर ,कोठी के राजा बहादुर हर्षवर्धन सिंह, पूर्व अध्यक्ष राकेश कोरी, नलिनेंद्र मिश्र डब्बू, विजय सिंह ,विनय सिंह गुड्डा ,योगेंद्र सिंह राजा ,बृजेश गर्ग सोनू, धीरेंद्र सिंह, गिरीश गर्ग ,रघुनाथ सिंह सहित सैकड़ों नगर के आमंत्रित गणमान्य अतिथियों एवं संभ्रांत नागरिकों की मौजूदगी में पीर साहब हाफिज मुमताज साहब गद्दी नसीन भटनवारा एवं हाफिज रमजान साहब द्वारा सभी के अमन चयन की दुआ की गई एवं शबनम बानो की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई ।

सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की इस दौरान हिंदू मुस्लिम सभी समुदाय के लोग मौजूद रहे इसके उपरांत गरीबों , जरूरतमंद लोगों तथा दिव्यांगों सहित अन्य असहाय लोगों को भोजन प्रसाद के पैकेट के साथ रजाई कंबल एवं बच्चों को ठंड के कपड़े वितरित किए गए। क्षेत्र के लगभग 500 लोगों को यह लाभ प्राप्त हुआ जिसमें महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी शामिल रहे । आयोजन में हाजी मोहम्मद इकराम के दोनों पुत्र मोहम्मद अरसान एवं मोहम्मद जीशान के साथ उनके भाई मोहम्मद इसरार सहित परिवारजन मौजूद रहे।



# कांग्रेस द्वारा किया गया विरोध प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 4 जनवरी,** इंदौर में दूषित पानी पीने से 15 लोगों की मौत के बाद प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर अमरपाटन में किया गया विरोध प्रदर्शन, ब्लाक कांग्रेस ने सतना चौराहे में प्रदर्श कर मुख्यमंत्री सहित कैलाश विजयवर्गीय मुर्दाबाद के नारे, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसडीपीओ ख्याति मिश्रा सहित तीनों थाना के प्रभारी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# रायपुर शिव मंदिर में चल रही श्री राम कथा

नवभारत न्यूज

**कोठी 4 जनवरी, अयोध्या धाम के संत श्री रामशरण दास जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य श्री राघव दास महाराज के मुखारविंद से पिछले एक जनवरी से रायपुर गांव के शिव मंदिर में श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है।**

यह आयोजन 9 जनवरी तक चलेगा एवं 10 जनवरी को भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा राघव दास महाराज के मुखारविंद से



आयोजित श्री राम कथा में गांव सहित आसपास के क्षेत्र के काफी संख्या में लोग कथा श्रवण करने के लिए पहुंच रहे

हैं और भगवान के चरित्र का पावन रस ग्रहण कर रहे हैं। आज सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सहित आसपास के लोगों ने पहुंचकर कथा का श्रवण किया आयोजन समिति ने सभी भक्तजनों से कथा श्रवण कर 10 जनवरी को आयोजित भंडारा प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है। यह आयोजन समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से सभी की सुख समृद्धि की कामना एवं आपसी भाईचारा तथा सद्भाव प्रेम की कामना से यह आयोजन किया जा रहा है।

# पी एम श्री हाई स्कूल के शिक्षक शंकर दयाल साहू सेवानिवृत्ति, दी गई समारोह पूर्वक विदाई

नवभारत न्यूज

**नागौद 4 जनवरी, पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल नागौद में गत दिवस एक गरिमा मयी कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शंकर दयाल साहू ( उच्च श्रेणी शिक्षक गणित ) अपनी अधिवार्षिकी शानदार ढंग से पूर्ण करके 31 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत हुए।**



कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत वाणी वंदना व पूजन रोली चंदन पुष्पाहार के साथ प्रारंभ हुई। तत्पश्चात अतिथि सम्मान पुष्प गुच्छ,बैच व स्वागत गीत बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं के विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी हुई। उसके बाद विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती रत्ना सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शंकर दयाल साहू को एक कर्मठ व अनुशासित शिक्षक बताया। शिक्षिका डॉ श्वेता सिंह ने अभिनंदन पत्र का वाचन करते हुए शंकर दयाल साहू को एक श्रेष्ठतम शिक्षक बताया। श्रीमती बृज वाला प्रजापति, श्रीमती शांति सिंह, डॉ सीमा चौरसिया,श्रीमती गायत्री सिंह,श्रीमती मुलिया देवी वर्मा, श्रीमती नीलम गुप्ता, श्रीमती मनीषा मिश्रा, श्रीमती माया बागरी, श्रीमती अमिता श्रीवास्तव, आशीष कुमार गर्ग आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने शंकर दयाल साहू के कार्यकाल के अपने-अपने अनुभव बताते हुए श्री साहू को अपनी नई भूमिका में आने की बधाई देते हुए उनके आगामी स्वस्थ जीवन की कामना की। श्री साहू ने अपने उद्बोधन में अपने 40 वर्ष के कार्यकाल के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा मैं हमेशा स्वअनुशासन व स्व प्रेरणा व छात्र हित को ही अपने शिक्षकीय जीवन का मूल मंत्र बनाया। उन्होंने कहा की नागौद के लगभग सभी शासकीय विद्यालयों में मुझे कार्य करने का अवसर मिला। मैं अपने प्राचार्य - सहकर्मियों व छात्र-छात्राओं उनके अभिभावकों सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने अधिवार्षिकी पूर्ण करके आप सब से विदा ले रहा हूं। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए संस्था के प्राचार्य ए पी सिंह परिहार ने शंकर दयाल साहू को शिक्षा जगत का एक कुशल शिल्पी बताते हुए एक सच्चा व पूर्ण शिक्षक बताया।

# उपयंत्री सहित सहायक यंत्री की जिम्मेदारी भी हो तय

## करहीकला घटिया सड़क निर्माण मामला



करही कला में घटिया रोड निर्माण की जल्द होगी जांच

▶ 5 माह में ही रोड़ से सिमटने लगी गिट्टी

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 26 दिसंबर, यह है पंचायती राज का विकास जहां शासन के पैसों का इस तरह से बंदरबांट अपनी राजनीतिक रोटी सेंक के किया गया इस पूरे विकास में पंचायत के सभी जिम्मेदारो पर जांच उपरांत जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।**

अगर विकास की एक झलक देखना है तो पंचायत के सरपंच महोदया के घर से धोबियान मोहल्ला तक देखिये ।जनपद के करहीकला में सरपंच महोदया के मोहल्ले में करीब 5 माह पूर्व लाखों की लागत से पी सी सी रोड पंचायत ने बनाई थी जिस रोड का भुगतान भी हो चुका उसी मोहल्ले में कई माह पूर्व नाली के लिए खोदे गये गड्ढे आज भी उसी तरह प? हैं इसके पीछे की आखिर क्या वजह है यह कहा नही जा सकता । सूत्रों की माने तो सरपंच महोदया के पति जनपद से लेकर तहसील तक जिले के सांसद जी के सबसे करीबी होने दावा करते फिरते रहते हैं यह भी सही हो सकता है लेकिन सांसद जी का संसदीय क्षेत्र होने के नाते सब ही उनके करीबी है ।सूत्रों की माने तो उनके नाम का गलत उपयोग कर बिना मतलब अधिकारियों पर हर काम मे दवाव बनाना कही न कही उनकी क्षवि को धूमिल करना है ,अगर पंचायत ने घटिया निर्माण कराया है तो उसकी निष्पक्ष जांच जब होगी तब सच्चाई अपने आप सबके सामने आजायेगी। सोशल मीडिया में करहीकला के घटिया रो? निर्माण को स्वत: संज्ञान में ले जल्द जांच उपरांत कार्यवाही करने का भरोशा सी ई ओ ने दिलाया। ग्रामीणों ने भी शासन प्रशासन से बिना किसी दबाव के वैधानिक रूप से जांच कराने की मांग कर रहे हैं। घटिया रोड निर्माण की खबर समाचार पत्रों में चलते ही सरपंच पति का जनपद के चक्कर लगने तेज हो गये।

इनका कहना है

हमारे वार्ड में बहुत ही घटिया रोड का निर्माण हुआ है ,रोड 5 साल के लिए बनती है लेकिन 5 माह में ही रोड से कोई गिट्टी समेट ले ।

सोमू खान, वार्ड वासी

जल्द ही करहीकला में बनी पी सी सी रोड की जांच कराई जाएगी ,कोई भी हो शासन के पैसों का दुरुपयोग की जांच होगी ।

ओ पी अस्थाना
जनपद सीईओ



नवभारत न्यूज

**उचेहरा 4 जनवरी, भले ही इन दिनों क?ाके की ठंड प? रही है लेकिन करहीकला में घटिया सड़क निर्माण की जांच करने जनपद की 3 सदस्यीय टीम के पहुंचते ही उस मोहले का पारा अपने आप चढ़ गया जहां हुए घटिया निर्माण की जांच टीम को हकीकत से रूबरू कराने पहले से ही कई ग्रामीणजन मौजूद थे।**

**जांच टीम को पंचायत में नही मिला कोई जिम्मेदार-** भले ही जांच टीम को मौके पर कोई जिम्मेदार नही मिला फिर भी वहां मौजूद ग्रामीणों ने पंचायत के इस कार्यकाल में हुये कई घटिय निर्माणकार्यो की पोल परत दर परत खोलने लगे खुद जांच टीम इतना घटिया निर्माण देख अचंभित रह गई बहरहाल जांच टीम ग्रामीणों का कथन ले जल्द ही पंचायत के अभीलेखों को तलब करेगी तभी सारी सच्चाई होगी सब के सामने ।

**उपयंत्री की भूमिका की भी हो जांच-** ग्रामीणों ने पंचायत के उप यंत्री की भूमिका पर सीधा सवाल करते कहा कि किसी भी पंचायत में बिना उपयंत्री के सहमति से इस तरह का घटिया निर्माण हो ही नही सकता । ज्ञात हो की शासन स्तर पर हर पंचायतो में एक उपयंत्री को इसीलिए नियुक्त किया जाता हैं कि अगर कही भी शासन की राशि का दुरुपयोग हो रहा है तो ये उपयंत्री उस पर अंकुश लगाये लेकिन कहते हैं न कि- जब बारी ही खेत खा जाय तो रखवार भला क्या कर लेगा ..? यह एक प्रचलित कहावत है। करही कला में कुछ इसी तरह ही हुआ जब सरपंच के घर के सामने वार्ड 2 से 5 माह पूर्व पी सी सी रोड बनी थी 5 माह में ही रोड के परखच्चे उ? गये। जांच टीम को ग्रामीणों ने कई और कार्यो को मौके पर दिखाया इस पंचायत के उपयंत्री राजकुमार पांडेय जी है जिस तरी? का घटिया यहां का निर्माण हुआ है उससे लगता है कि उपयंत्री जी आंख मूंदकर पंचायत को खुली छूट दे रखी थी तभी तो पंचायत में इतना घटिया निर्माण हुआ ? सवाल उठना लाजिमी ही है कि अगर उपयंत्री महोदय कभी भी घटिया निर्माणों पर रोक लगाई होती तो क्या इस तरह से निर्माण हो पाता। यहां सब गोल माल है भाई सब गोल माल है... ।

करहीकला तो एक नमूना है। नीचे से ऊपर तक सब का अपना- अपना पक्का हिसाब होता है। सूत्रों की मानों तो कोई भी अपने कमीशन में तनिक भी समझौता नही करना चाहता तभी तो इस तरह के हालात सामने होते हैं ? अब जब जांच हो रही है तो क्या सब की अपनी - अपनी जबाब देही तय होगी या यूं ही हमेशा की तरह छोटी मछली ब?ी मछली को निगल जाएगी ?यह तो जांच निष्कर्ष उपरांत ही सब सामने आ सकेगा । ग्रामीण जनपद के बर्तमान सी ई ओ अस्थाना जी से न्याय की उम्मीद लगाये बैठे हैं । नाम न छापने की शर्त पर ग्रामीणो ने बताया कि अगर उन्हें जांच से सही न्याय नही मिला तो जल्द ही विभागीय मंत्री से अपनी गुहार लगायेंगे ।

### सहायक यंत्री की भूमिका पर भी उठ रहे सवाल

-कुछ इसी तरह के सवाल जनपद के सहायक यंत्री पर भी उठ रहे हैं किसी भी कार्य का अंतिम मूल्यांकन कर्ता जनपद के सहायक यंत्री ही होते है सवाल उठ रहा है कि जनपद के दोनों जिम्मेदारो ने अपने - अपने पदों की जिम्मेदारी ठीक ढंग से क्यो नही निभाई ।ग्रामीणों ने यह भी मांग उठाई कि एस डी ओ मधु बागरी के कार्यकाल में हुये इतने घटिया निर्माण कार्यों को देखते आखिर जांच टीम में उन्हें क्यों शामिल किया गया । इस रह के हुए निर्माण कार्य तत्कालीन सी ई ओ प्रभारी अशोक मिश्रा के कार्यकाल में हुये थे , बर्तमान समय मे जनपद की कमान ओ. पी. अस्थाना के हांथो में है । शासन इसीलिए हर ग्राम पंचायत ने टेक्निकली जानकार को नियुक्त कर रखा है जिससे अमानत में खयानत न हो लेकिन कोई भी जिम्मेदार जब अपनी जिम्मेदारी का सही ढंग से निर्वहन नही करता तो अक्सर इसी तरह के हासल सामने आते हैं ।


**कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर, एन्टी एन्टी इवेजन ब्यूरो, सतना, म.प्र.**

द्वितीय तल, विन्ध्य चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स भवन, सर्किट हाउस के पास, सतना (म.प्र.)
E-mail: dc.aebstn@mpta&.mp.gov.in

क्रमांक/वाक/एईबी/25-26/03 सतना, दिनांक 02.01.2026

**नीलामी की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा जब्त वाहन क्रमांक KA-19-AE-2956 में लदे माल का खुली बोली द्वारा निस्तारण (नीलामी) The MPGST Rules, 2017 के नियम 144 एवं 144A के अंतर्गत दिनांक 08.01.2026 को सुबह 11.00 बजे कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर, एन्टी इवेजन ब्यूरो, सतना, द्वितीय तल विन्ध्य चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स भवन, सर्किट हाउस के पास, सतना (म.प्र.) में जी.एस.टी. में पंजीकृत व्यक्ति को किया जाना है।

**नीलाम किये जाने वाले माल का विवरण-**

| S.N. | Commodity name | HSN | UQM | QUANTITY | करयोग्य राशि (in Rs.) | अमानात राशि (in Rs.) | न्यूनतम बोली राशि (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HANS CHAAP TOBACCO | 2403 | POUCHES | 448500 | 852509/- | 25000/- | 852509/- |
| 2 | COOL LIP FILTER TOBACCO | 2403 | POUCHES | 156672 | 967857/- | 25000/- | 967857/- |

**नीलामी की शर्ते :-** 1. बोली में भाग लेने के लिए बोलीदाता को बोली प्रतिभूति के रूप में उपरोक्त तय राशि अलग-अलग डिमाण्ड ड्राफ्ट "ASSISTANT COMMISSIONER (STATE TAX), ANTI EVASION BUREAU, SATNA (M.P.)" के नाम से जमा कराने होगें। असफल बोलीदाता को अमानत राशि, बोली निर्णीत होने के उपरान्त लौटा दी जावेगी एवं सफल बोलीदाता की प्रतिभूति राशि बोली राशि के विरूद्ध समायोजित कर ली जावेगी। 2. बोलीदाता का जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। बोली में भाग लेने से पूर्व जीएसटी पंजीयन प्रमाण-पत्र व केन्द्र राज्य सरकार द्वारा जारी कोई पहचान पत्र की छायाप्रति कार्यालय में जमा करानी होगी। 3. सफल बोलीदाता को नीलामी में प्रदान किये गये माल के विरुद्ध किये गये भुगतान की राशि पर नियमानुसार RCM पर जी.एस.टी पृथक से जमा कराना होगा। 4. माल जहां है, जैसी स्थिति में है, उसी स्थिति में नीलाम किया जावेगा। अत: बोली लगाने वाले से यह अपेक्षा की जाती है कि वह बोली लगाने से पूर्व माल का पूरा अवलोकन कर लें तथा माल के विवरण के बारे में अपने आप को संतुष्ट करने के उपरांत ही बोली लगावें। 5. प्रत्येक सफल बोलीदाता को अंतिम सफल बोली (नीलामी राशि) की एक-चौथाई (25 प्रतिशत) राशि मौके पर ही चालान बैंक ड्राफ्ट के द्वारा जमा करानी होगी एवं शेष तीन-चौथाई (75 प्रतिशत) राशि बैंक ड्राफ्ट के द्वारा नीलामी की दिनांक से 15 दिवस में जमा करवाना अनिवार्य है। 6. बैंक ड्राफ्ट "ASSISTANT COMMISSIONER (STATE TAX), ANTI EVASION BUREAU, SATNA (M.P.)" के पक्ष में देय होगा. DRC-11 में निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं कराये जाने पर अमानत राशि एवं प्राप्त आंशिक 25 प्रतिशत राशि जब्त कर ली जावेगी। 7. नीलामी प्रक्रिया से संबंधित समस्त विवरण, नीलामी की शर्तों का अवलोकन कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर, एन्टी इवेजन ब्यूरो, सत्तना द्वितीय तल विन्ध्य चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स भवन, सर्किट हाउस के पास, सतना (म.प्र.) के नोटिस बोर्ड पर कार्यालय समय में कभी भी किया जा सकता है। माल का अवलोकन चौकी चकरपुर, थाना- ओरछा, जिला निवाड़ी मध्य प्रदेश के परिसर में खड़े वाहन क्रमांक KA-19-AE-2956 में कार्यालय समय में कभी भी किया जा सकता है। 8. माल सुपुर्दगी बोली की पूर्ण राशि जमा कराने के उपरांत की जावेगी। बोली के पश्चात समस्त व्यय आदि बोलीदाता को स्वयं को वहन करना होगा। 9. अन्य कोई जानकारी अथवा विवरण प्राप्त करने हेतु श्री हरिहर तिवारी, राज्य कर निरीक्षक मो.नं. 7987809617 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

G23904/25

(राजीव गोयल) सहायक आयुक्त
राज्य कर, एन्टी इवेजन ब्यूरो, सतना म.प्र.